आकाशवाणी चंडीगढ़

07 नवंबर 2024, समय 1810

- केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पराली जलाने पर जुर्माना दोगुना किया।
- उच्चतम न्यायालय ने  व्यवस्था दी है कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए भर्ती के निर्धारित नियमों में बीच में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जा सकता।
- हरियाणा में आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया।
- हरियाणा में प्रवासी समुदाय द्वारा छठ पूजा का त्यौहार श्रद्धा एवं उत्साह से मनाया जा  रहा है।
- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने छठ पर्व की शुभकामनायें दी हैं।
- भारतीय रेलवे छठ पूजा के मद्देनज़र यात्रियों की सुविधा के लिए कल से 164 विशेष रेल गाड़ियां चलाएगा।

******************************************************

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय ने पराली जलाने पर जुर्माना दोगुना कर दिया है। सरकार ने कल राष्ट्रीय राजधानी और आसपास के क्षेत्रोंमें पराली जलाने से संबंधित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के नए संशोधित नियम अधिसूचित किए। नए नियमों के तहत दो एकड़ से कम जमीन वाले किसानों को अब पांच हजार रुपये जुर्माना देना होगा जो पहले ▯ई हजार रुपये था। दोसे पांच एकड़ जमीन वाले

किसानों को दस हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति के देने होंगे । जिन किसानों के पास पांच एकड़ से अधिक जमीन है, उन्हें तीस हजार रुपये पर्यावरण क्षतिपूर्ति के देने होंगे ।

*****************************************************

उच्चतम न्यायालय ने आज व्यवस्था दी कि सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के लिए भर्ती के निर्धारित नियमों में बीच में किसी प्रकार का फेर-बदल नहीं किया जा सकता। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पांच-न्यायाधीशों की पीठ ने कहा है कि चयन नियम मनमाने नहीं होने चाहिए और संविधान के अनुच्छेद 14 के अनुरूप होने चाहिए।

उच्चतम न्यायालय ने सर्वसम्मति से कहा कि सरकारी भर्तियों की प्रक्रिया में पारदर्शिता और भेदभाव रहित नीति अपनाई जानी चाहिए ताकि उम्मीदवारों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं न हो।

*****************************************************

हरियाणा में आज राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस मनाया गया।प्रदेश के विभिन्न जिलों में जागरूकता कार्यक्रम करवाए गए जिनमें कैंसर विशेषज्ञों ने लोगों को कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों के बारे में बताया और लक्षण पाए जाने पर समय पर जांच करवाकर इलाज शुरू करने की सलाह दी।उल्लेखनीय है कि हरियाणा में भी कैंसर के रोगियों की संख्या बढ़ी है। हरियाणा के स्वास्थ्य विभाग के महानिदेशक डॉ कुलदीप सिंह ने आकाशवाणी समाचार को बताया:

डॉक्टर कुलदीप सिंह ने लोगों को कोई लक्षण प्रकट होने पर तुरंत चिकित्सक से, संपर्क करने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि कैंसर का इलाज संभव है।

*****************************************************

हरियाणा की मंडियों में अब तक 50 लाख 69 हजार 92  टन धान की आवक हुई है, जिसमें से 49 लाख 72 हजार 833  टन धान की खरीद हो गई है।खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि हरियाणा में सर्वाधिक 9 लाख 93 हजार 546 मीट्रिक टन से अधिक धान की आवक कुरुक्षेत्र जिले की मंडियों में हुई है।उन्होंने बताया कि अब तक धान और बाजरा किसानों को 12 हजार एक करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान कर दिया गया है, जिसमें धान किसानों को 10 हजार 961करोड़ 15 लाख रुपये और बाजरा किसानों को 1 हजार 39 करोड़ 89 लाख रुपये का भुगतान किया गया है।उहोने कहा कि सरकार द्वारा की गई व्यवस्थाओं को लेकर किसान संतुष्ट है।सभी वरिष्ठ अधिकारी पूरी खरीद प्रक्रिया पर कड़ी निगरानी रख रहे हैं।

*****************************************************

हरियाणा में प्रवासी समुदाय, छठ पूजा का त्यौहार श्रद्धा और उत्साह से मना रहा है।

कुरुक्षेत्र में सूर्य को अर्घ्य देने के बाद बिहार से एक महिला ने आकाशवाणी समाचार को बताया:

श्रद्धालुओं ने नदियों और घाटों पर डूबते सूर्य को अर्घ्य देकर अनुष्ठान किया।

घग्गर नदी पर पूरे उत्साह का माहौल है। पारंपरिक छठ गीतों से पूरा माहौल भक्तिमय बना हुआ है।

चार दिवसीय इस पर्व का समापन कल सुबह उगते सूर्य को अर्घ्य देने के साथ होगा।

*****************************************************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को छठ पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में उन्होंने कहा कि पर्व के तीसरे दिन छठ संध्या अर्घ्य पर्व सादगी, संयम,संकल्प और समर्पण का प्रतीक है। उन्होंने कामना की कि यह महापर्व सभी के जीवन में सुख, समृद्धि और सौभाग्य लेकर आए।

******************************************************

भारतीय रेलवे छठ पूजा के मद्देनज़र यात्रियों की सुविधा के लिए कल से 164 विशेष रेल गाड़ियां चलाएगा। त्योहार मनाने के बाद अपने-अपने घर जाने वालों को इससे लाभ पहुंचेगा। अगले तीन दिनों तक करीब 476 रेलगाड़ी चलाने की योजना है। उत्तरी रेलवे दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर के विभिन्न स्टेशनों से देश के विभिन्न भागों के लिए करीब 20 गाड़ियां चलाएगी।आकाशवाणी समाचार के साथ विशेष भेट में उत्तरी रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि रेलवे स्टेशनों से यात्रियों के सुविधाजनक

तरीके से बाहर निकलने के लिए रेल विभाग ने रेलवे सुरक्षाबल के जवानों और स्वयंसेवकों को तैनात किया हैं।

*****************************************************

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने आज नई दिल्ली में इंडिया गेट पर भारत एंड स्काउट्स गाइड द्वारा आयोजित वॉकथॉन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

खेल मंत्री ने मैराथन में आए प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि युवा देश का गौरव हैं। सरकार चाहती है कि युवा बलिष्ठ हों और नशों से दूर रह कर राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय खेलों में देश का नाम रोशन करें। उन्होंने कहा कि इसी उद्देश्य से हरियाणा सरकार ने युवाओं के लिए बेहतरीन खेल नीति बनाई है। खेल मंत्री ने युवाओं का आह्वान किया कि वे शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भी भागीदारी करें, जिससे उनमें नेतृत्व के गुण भी विकसित होंगे।

खेल मंत्री ने भारत स्काउट्स और गाइड्स के 65 लाख सदस्यों को 75 वर्ष की यह यात्रा पूरी करने के लिए बधाई दी और कहा कि इस आयोजन में युवाओं की भागीदारी बदलाव लाने की प्रतिबद्धता का प्रतिबिंब है।

*****************************************************

चण्डीगढ़ के सेक्टर 46 के सरकारी स्नातकोतर कॉलेज की एन एस एस इकाई ने आज नशा मुक्ति कार्यशाला का आयोजन किया। कार्यशाला का उद्देश्य छात्रों को नशे की लत के खतरों, व्यक्तियों और समाज पर इसके प्रभावों और नशा मुक्ति के महत्व के बारे में शिक्षित करना था। कॉलेज की डीन श्रीमती अनुराधा और कॉलेज की उप-प्राचार्य प्रोफेसर स्नेह

हरशिन्दर शर्मा ने कार्यशाला का उद्घाटन किया और देश के युवाओं में मादक द्रव्यों के सेवन की बुराई को रोकने पर बल दिया। छात्रों को नशा पीड़ितों और उनके पुनर्वास की वास्तविक जीवन की कहानियों को दर्शाने वाली पुरस्कार विजेता दस्तावेजी फिल्म भी दिखाई।